

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024



## खिलाड़ियों के साथ खिलवाड़

# पतली दाल, सूखी रोटी से नहीं भरा बच्चों का पेट, रेस्टोरेंट में जाकर खाने मजबूर, मैदान तक पहुंचने के लिए खुद के पैसे से किया ऑटो!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में हॉकी की नर्सरी और खेलप्रेमियों के कारण अपनी पहचान बनाने वाले राजनांदगांव का नाम शिक्षा विभाग की लापरवाही से खराब हो रहा है। देश के 30 राज्यों से पहुंचे बच्चों को सुविधा के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। इन बच्चों को भोजन में पतली दाल और सूखी रोटी परोसा जा रहा है। बेस्वाद खाना के कारण उन्हें बाहरी रेस्टोरेंट में पेट भरने मजबूर होना पड़ रहा है। इतना ही नहीं भवन से मैदान तक खिलाड़ियों को लाने की व्यवस्था भी भगवान भरोसे है। यही कारण है कि खिलाड़ी अपने पैसों से किराये के ऑटो में मैदान पहुंचने मजबूर हुए।

दरअसल चार जनवरी से राजनांदगांव में नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देशभर से 30 टीमें आई है। इनमें स्कूली बच्चे शामिल हैं। आयोजन की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग को दी गई है, इसके लिए बकायदा फंड भी उन्हें मिला है, लेकिन शिक्षा विभाग ने अपने चहेतों को काम देने की मंशा के चलते पूरे आयोजन में ही पानी फेरने का काम कर दिया है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए बच्चों को खाना खिलाने के लिए बिना टेंडर किए अपने चहेते रसाईया को काम दे दिया गया। सेंट्रल मेस में सभी बच्चों के लिए पकाए गए भोजन की पहले दिन ही शिकायत सामने आ गई।

### खास बातें

- 4 से 7 जनवरी तक प्रतियोगिता
- देशभर से आई स्कूल की टीमें
- शिक्षा विभाग को मिली आयोजन की जिम्मेदारी



### सोने की व्यवस्था खराब

बच्चों से बात करने पर उन्होंने बताया कि रात में उनके सोने के लिए व्यवस्था की गई है, लेकिन न ही चादर साफ है और न ही तकिये में कवर लगाया गया है। ऐसी अव्यवस्था से बच्चों में भी विभाग के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली। मिली जानकारी के अनुसार आयोजन के लिए विभाग को 12 लाख रुपए का फंड मिला है। ऐसे में व्यवस्था खराब होने पर सवाल उठने लगे हैं।

### सात सौ बच्चों के लिए 9 बस

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव में आयोजित किए जा रहे नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए 30 टीमों में करीबन सात सौ खिलाड़ी आए हैं। इतनी बड़ी संख्या में आए खिलाड़ियों के लिए महज 9 बस की ही व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है। इसमें भी आधी टीमों को मैदान तक पहुंचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ गया। जिसके चलते उन्होंने स्वयं के पैसों से ऑटो में सफर कर मैदान पहुंचना सही समझा।

## शहर में तीन दिवसीय मार्डन मंडई आज से



**राजनांदगांव।** शहर के कमला कॉलेज मैदान में पारंपरिक कला एवं ग्रामीण मंडई को नए लुक में मार्डन मंडई के माध्यम से 5, 6 व 7 जनवरी को आयोजित है। जिसमें लोक नृत्यों सहित पारंपरिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। पत्रकारवार्ता में माईन मंडई के संचालक उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया की मार्डन मंडई के दूसरे वर्ष में छत्तीसगढ़ की धरा पर महाकाली तांडव व नृत्य का आयोजन कलाकारों के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही उक्त तीन दिवस के कार्यक्रम में कलाकारों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्थानों से कलाकार अपनी प्रस्तुति दे कला का प्रदर्शन करेंगे।

### लगेंगे विभिन्न स्टाल

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्ष काल भैरव काल नृत्य की प्रस्तुति नेपाल के कलाकार स्वजन रघुवेशी द्वारा दिया गया। इस वर्ष मार्डन मंडई में कुछ नया देखने को मिलेगा। जिसमें इंटरनेशनल महाकाली तांडव एवं बालीबुड प्ले बैक सिंगर स्वप्निल जयसवाल का लाईव कान्टर्स देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मार्डन मंडई में छत्तीसगढ़ ग्रामीण कल्चरल, मंडई एवं कला को एक मंच देने संस्कारधानी में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ी नृत्य में पंथी, सुआ, ददरिया, राऊत नाचा जैसे विभिन्न प्रकार के कलाओं का प्रदर्शन होगा, जो आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसके साथ ही खाने-पीने के स्टाल एवं विभिन्न प्रकार के समानों के स्टॉल एक साथ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। पत्रकारवार्ता में खुशबू तिवारी, देवांशु गोलछा, विधि श्रीवास्तव, मानसी तिवारी, ओम तिवारी उपस्थित थे।

### विधायकों को हर वित्तीय वर्ष में मिलती है चार करोड़ रुपए की निधि

# चुनाव से पहले ही खर्च कर दिए 2.64 करोड़ नए काम के लिए शेष निधि आने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में विधानसभा चुनाव निपट चुके हैं। परिणाम के बाद नए जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा भी संभाल लिया है। चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे करने वाले इन नेताओं के पास अब उनके विधानसभा क्षेत्र के लोग भी काम लेकर पहुंचने लगे हैं, लेकिन चुनकर आए विधायकों के पास फंड नहीं होने के चलते कोई नया काम वे नहीं कर पा रहे हैं।

भले ही अविभाजित राजनांदगांव जिले की छह विधानसभा सीटों में चार पर फिर वही चेहरे जीतकर आए हो, लेकिन विधायक निधि फंड में पैसा नहीं होने के चलते उनके सामने भी संशय की स्थिति आ गई है। ऐसी स्थिति के पीछे जिम्मेदार इन विधायकों को ही कहा जा सकता है। दरअसल विधायक निधि की अब तक आई पूरी रकम को चुनाव से पहले ही तत्कालीन विधायकों द्वारा खर्च कर दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी विधायकों को उनकी चार करोड़ की सालाना निधि में से 2.64 करोड़ रुपए कुछ माह पहले जारी किए गए थे। जिसमें से उनको विकास कार्य कराना था, लेकिन विधानसभा चुनाव को देखते विधायकों ने चुनाव से पहले तक आई पूरी निधि को ही खर्च कर दिया था। जिले की किसी भी विधानसभा में विधायक निधि फंड में रकम बाकी नहीं है। ऐसे में अब शेष रकम आने से पहले कोई भी काम कराने के लिए विधायकों को फंड की कमी का संकट झेलना पड़ रहा है।

### विधायकों के पास ही काम के लिए फंड नहीं, अटक गया विकास!




### जिले में विपक्ष का कब्जा

*अविभाजित राजनांदगांव जिले की बात करें तो यहां की छह विधानसभा सीटों में से पांच पर विपक्षी दल यानी कांग्रेस का कब्जा है। राजनांदगांव विधानसभा को छोड़ दिया जाए तो शेष पांच डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, खुज्जी और मोहला-मानपुर विस में कांग्रेस के विधायक हैं। ऐसे में इन विधानसभा क्षेत्रों में विधायक निधि फंड का सही उपयोग होना जरूरी हो जाता है।*

### मिलता है 4 करोड़ फंड

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा हर विधानसभा के प्रतिनिधि यानि विधायक को उनके क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए चार करोड़ रुपए की राशि वित्तीय वर्ष में दी जाती है। इस वित्तीय वर्ष की चार करोड़ रुपए विधायक निधि में से 2.64 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। जबकि शेष 1.36 करोड़ रुपए आगामी कुछ दिनों में जारी किए जाने की संभावना बताई गई है। ऐसे में पहली किस्त के रूप में आए सभी फंड को खर्च कर देने के कारण अब विधायकों को अगली किस्त का इंतजार करना मजबूरी बन गया है।

### फिर आचार संहिता लगने का डर

जिस तरह से विधानसभा चुनाव को देखते विधायकों ने अपनी निधि में आई पहली किस्त के पूरे 2.64 करोड़ रुपए को खर्च कर दिया था। उसी प्रक्रार के हालत फिर बनते हुए दिख रहे हैं। विधायकों को उनकी निधि का शेष 1.36 करोड़ रुपए जल्द जारी होने वाला है। जबकि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मार्च में आचार संहिता लगाई जा सकती है। ऐसे में विधायक निधि का फंड आते ही महीनेभर के भीतर फिर से पूरी निधि को खर्च करने पर जोर देंगे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर लालबाग पुलिस ने दो स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा एवं शराब बरामद कर कार्रवाई की।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के अभियान के तहत 2 जनवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग को ग्राम पेंड्री-रेवाडीह की ओर रवाना किया गया था। इस दौरान अवैध रूप से शराब रखने व बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर रवाना टीम द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। जिसमें आरोपी कमलेश यादव पिता बसंत कुमार 22 साल साकिन तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव के कब्जे से 115 पौवा देशी शराब कीमती 9200 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### पेंड्री में भी कार्रवाई

इसी तरह आरोपी संजय कुमार गेडाम पिता चरणदास 40 साल साकिन ब्लॉक नंबर 66 अटल आवास पेंड्री थाना लालबाग के कब्जे से 23 पौवा पार्टी स्पेशल सुपर डिलक्स व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3450 रुपए व बिक्री रकम 220 रुपए जुमला कीमती 3670 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया

### एक दिन में चोरी की थी दो बाइक, मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जनवरी को प्रार्थी हर्ष वर्मा 18 साल ग्राम देवारीभाट ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 जनवरी को अपनी बाइक हीरो एचएफ डिलक्स से दोपहर निजी काम से खैरागढ़ आया, जो अपनी बाइक को भारतीय स्टेट बैंक एटीएम मशीन कक्ष के बाहर खड़ी कर पैसे निकालने एटीएम मशीन कक्ष गया। पैसे निकालकर आकर देखा तो उसका बाइक उसके खड़े किए स्थान पर नहीं था, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह प्रार्थी देवीचंद पाल 37 साल निवासी पेंड्रीकला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 2 जनवरी को शाम मिस्त्री काम के लिए वह वार्ड नं. 4 खैरागढ़ निवासी शेखर राजपूत के घर के बाहर रोड किनारे अपनी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस को खड़ी कर काम करने घर अंदर गया था। काम पूरा होने के बाद घर जाने के लिए अपनी बाइक को खड़ी किए स्थान पर जाकर देखा तो नहीं था। अपने स्तर पर आसपास पता किया, पता नहीं चला, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थियों की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घर में छिपाकर रखी थी बाइक

*अज्ञात बाइक चोर की सुरागरसी हेतु टीम अलग-अलग दिशाओं में रवाना होकर संदिग्ध व्यक्तियों, पूर्व में चोरी के घटनाओं में संलिप्त रहे आरोपियों की गतिविधियों पर निगाह रखने मुखबीर लगाया गया। नतीजतन आरोपी रूपेश पाल पिता धनश्याम पाल 25 साल निवासी गंजीपारा वार्ड नं. 4 खैरागढ़ को अपने घर में दो बाइक छिपाकर रखे होने की जानकारी प्राप्त हुई।*

### दो बाइक बरामद

संदेही को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 2 जनवरी को अलग-अलग जगह से 2 बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी रूपेश पाल के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी गई बाइक हीरो एचएफ डिलक्स 8 एवं हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की गई।

### माय एंगल




# आत्मानंद स्कूल निर्माण में मनमानी, फर्शी पर लगाई टाइल्स, दरवाजे-खिड़की भी नहीं बदला

### सुकुलदैहान में पुराने स्कूल के नवीनीकरण में गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव ब्लॉक के सुकुलदैहान में 1 करोड़ 77 लाख की लागत से बन रहे नए आत्मानंद स्कूल व पुराने स्कूल बिल्डिंग के नवीनीकरण काम में कई गड़बड़ियां सामने आ रही है। काम के अनुसार पुरानी स्कूल में टाईल्स लगाने के साथ ही दरवाजा-खिड़की भी बदला जाना था, लेकिन विभाग और ठेकेदार ने मिलकर पुराने दरवाजा-खिड़की को ही सुधार दिया, नया सामान नहीं लगाया गया। ऐसे ही नई बिल्डिंग का निर्माण 45 मीटर में होना था, परन्तु लीपापोती कर इसे 42 मीटर में ही बनाया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार सुकुलदैहान में डीएमएफ मद से 1 करोड़ 77 लाख की लागत से आत्मनंद स्कूल का निर्माण हो रहा है। वहीं पुराने स्कूल का नवीनीकरण किया गया है। दोनों ही कार्यों में पीडब्ल्यूडी विभाग की अंधेरगर्दी सामने आ रही है। मामले की जांच होने पर कई तरह की गड़बड़ी सामने आने से इंकार नहीं किया जा सकता। हालत यह है कि बेस में मुरूम की जगह पुराने बिल्डिंग के मटेरियल को डाला गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा स्कूल निर्माण का काम शुरू करने के पहले पंचायत से किसी तरह का प्रस्ताव नहीं लिया गया है। वहीं जहां पर नए स्कूल का निर्माण हो रहा है, उसके बगल में एक जर्जर हो चुकी स्कूल भवन है। इस भवन को डिसमेंटल कर नए भवन को बनाना था। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन बनाने बेस में मुरूम की जगह पुराने बिल्डंग के मटेरियल को डाला गया है। इससे इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नवीनीकरण के नाम पर खानापूर्ति

बताया गया कि नए स्कूल के अलावा पुराने स्कूल का नए सिरे से नवीनीकरण किया जाना था। इसके लिए तैयार किए गए स्टीमेट अनुसार पहले से लगे हुए फर्शी पत्थर को हटाकर नई टाईल्स लगाया जाना था, परन्तु पुराने फर्शी के उपर ही टाईल्स लगा दिया गया है। वहीं कमरों में लगे दरवाजा व खिड़की को भी नया लगाने स्टीमेंट में है। बावजूद इसके पुराने खिड़की-दरवाजा ही लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि नवीनीकरण काम में पुराने सामान लगे होने के बाद भी नए सामानों का बिल व्हाउचर पेश किया गया है। मामले की जांच होने पर और कई गड़बड़ियां सामने आने की संभावना है।

बरडिया
ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
वैवाहिक ज्वेलरी
कलेक्शन
20 ग्राम से शुरू
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

# नियम विरुद्ध काम: भर्रेगांव सरपंच एकता चंद्राकर निलंबित

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भर्रेगांव में स्वच्छ भारत मिशन तथा पंचायत में प्राप्त राशि का नियम विरुद्ध व्यय किए जाने के कारण एकता चंद्राकर ग्राम पंचायत भर्रेगांव के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-40 के तहत कार्रवाई किया गया है। पूर्व में अनावेदक सरपंच को 11 दिसंबर 2023 को कारण बताओ नोटिस तथा आरोप पत्र जारी कर उन्हें तामील किया जा चुका है। अनावेदक सरपंच को अपना पक्ष रखने हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया, परंतु दो बार अवसर प्रदान करने के बाद भी उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

अनावेदक सरपंच के विरुद्ध न्यायालय में पृथक से वसूली प्रकरण भी दर्ज है। जिसमें अनावेदिका द्वारा पंचायत की राशि एवं स्वच्छ भारत मिशन की राशि का दुर्व्यय एवं दुरुपयोजन किया जाना पाया गया है। उनके विरुद्ध 66333 रुपए वसूली हेतु नोटिस भी जारी किया गया। आज पर्यंत तक उनके द्वारा राशि पंचायत के खाता में जमा नहीं किया गया है, जो वित्तीय अनियमित तथा लोकहित के प्रतिकूल है। छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 39 के अधीन एकता चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव को तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित किया गया है।

### डोमन सिंह को भेजा गया मंत्रालय, बुधवार देर रात आदेश जारी

# राजनांदगांव में एसडीएम, एडीएम, निगम कमिश्नर रहे संजय अग्रवाल अब बनाए गए जिला के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित नांदगांव जिले में एडीएम, एसडीएम और नगर निगम के कमिश्नर के तौर पर पदस्थ रहे आईएएस संजय अग्रवाल को राज्य शासन ने अब जिले का नया कलेक्टर बनाया है। बेहद सुलझे और प्रशासनिक दक्षता के मापदंडो में खरा उतरने वाले कलेक्टर श्री अग्रवाल को जिले की कमान दिए जाने से प्रशासनिक के साथ साथ सामाजिक और राजनैतिक हल्कों में काफी अच्छी प्रतिक्रिया भी देखी जा रही है।



प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद बुधवार देर रात थोक में आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। राजनांदगांव के कलेक्टर डोमन सिंह को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। वहीं उनके स्थान पर सूरजपुर के कलेक्टर संजय अग्रवाल की पदस्थापना की गई है। श्री अग्रवाल 2012 बेच के आईएएस अफसर हैं। इसके पहले 2008-2011 तक वे राजनांदगांव के एसडीएम और निगम कमिश्नर के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। उन्होंने 2012 में भिलाई नगर निगम के कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद वे 2015 तक रायपुर के एडीएम रहे। श्री अग्रवाल की पदस्थापना 2015 में राजनांदगांव एडीएम के पद पर हुई। वे यहां 2017 तक पदस्थ रहे। इसके बाद वे दुर्ग एडीएम और कोरबा एडीएम भी बनाए गए। 2020 में वे मंत्रालय के सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ रहे और मई 2023 में शासन ने उन्हें सूरजपुर का कलेक्टर बनाया था। नई सरकार ने अब उन्हें राजनांदगांव की जिम्मेदारी दी है।

### आज सम्हालेंगे पदभार

जिले के नए कलेक्टर संजय अग्रवाल गुरुवार को सूरजपुर से रिलीव हो गए हैं। वे कल सुबह साढ़े दस बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे और कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण करेंगे। कलेक्टर डोमन सिंह के अवकाश पर होने के कारण वे जिले के प्रभारी कलेक्टर अमित कुमार से चार्ज लेंगे।

### जमीनी स्तर तक पकड़

राजनांदगांव में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके श्री अग्रवाल की जिले में जमीनी स्तर पर अच्छी पकड़ है। इसके साथ ही खेल गतिविधियो में भी श्री अग्रवाल रुचि रखते है, और आयोजन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते है।


मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री
मा. अमित शाह
गृह मंत्री
मा. जे. पी. नड्डा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
मा. अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
मा. किरण देव
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
मा. नितिन नवीन
प्रदेश सह प्रभारी
मा. ओम माथुर
प्रदेश प्रभारी भाजपा
मा. संतोष पाण्डेय
सांसद
मा. अभिषेक सिंह
पूर्व सांसद
मा. बृज मोहन अग्रवाल
स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री
मा. रामविचार नेताम
आदिम जाति विकास, अनु.जा.विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री
मा. केदार कश्यप
वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री
मा. दयाल दास बघेल
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री
मा. ओ.पी. चौधरी
वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री
मा. मधुसूदन यादव
उपाध्यक्ष, प्रदेश भाजपा
मा. रमेश पटेल
जिला भाजपा अध्यक्ष
मा. लखन लाल देवांगन
वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री
मा. टंक राम वर्मा
खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री
मा. लक्ष्मी राजवाड़े
महिला एवं बाल विकास तथा समाज कलयाण मंत्री
छत्तीसगढ़ के मिलनसार मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय जी के
मंत्रीमंडल में शामिल सभी केबीनेट मंत्रियों को
हार्दिक बधाई शुभ कामनाएँ...
मा. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
विनोद खाण्डेकर
पूर्व विधायक, डोंगरगढ़
विनीत : समस्त शुभचिंतक, विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय खेल का शुभारंभ

**घुमका।** दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन सलोनी संकुल का छोटे टेमरी एवं ऊपरवाह संकुल का मुड़पार में किया गया। छोटे टेमरी में आयोजित स्पर्धा के आरंभ में बालक बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य किरण विनोद बारले थी। अध्यक्षता लोकेश्वरी ओम प्रकाश साहू ने की। इस मौके पर जनपद सदस्य बारले एवं अध्यक्षता कर रही सरपंच साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल आवश्यक है। अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत होती है और अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलकूद आवश्यक है।

### बनभेडी मंडई आठ को

**अर्जुनी।** बनभेडी आगामी आठ जनवरी दिन सोमवार को मंडई मेला रखा गया है। रात्रि में जय गंगा मैया कुईखुर्द वालों का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम के विजय कुमार ने दी।

### रामलीला का मंचन 6 तक

**घुमका।** ग्राम पंचायत खर्रा के दुर्गा चौक में श्री सत्य साइन रामलीला मंडली बेलौदी का आयोजन 2 जनवरी से किया गया है। यह संस्था उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के समक्ष अयोध्या में प्रस्तुति दे चुकी है। संस्था अब तक एक हजार स्थानों पर राम लीला का मंचन कर चुकी है। अध्यक्ष रामकुमार हिरवानी ने बताया कल 4 जनवरी को ताड़का वध, 5 को सीता स्वयंवर, 6 को परशुराम संवाद की प्रस्तुति होगी।

### ग्रामीणों ने दी लाभ की जानकारी



**डोंगरगांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत संकल्प रथ गत दिनों ग्राम पंचायत मचानपार पहुंचा। शाला प्रांगण में सरपंच चिंताराम साहू , उपसरपंच राहुल देशलहरे, ग्राम पटेल तोखुदास साहू, ग्राम प्रमुख गोपाल पटेल आदि ने संकल्प रथ का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिनेश गांधी थे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य जागेश्वर यादव, राजा जैन , योगेश पटेल, मीनाक्षी देशलहरे आदि शामिल हुए। ग्रामीणों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से केन्द्र सरकार के कार्यक्रम और योजनाओं की जानकारी प्राप्त किया। तत्पश्चात मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों ने योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में बताया। धरती कहे पुकार की प्रस्तुति पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों ने दी। इस मौके जनपद सीईओ नवींन कुमार मसियारे ने मार्गदर्शन दिया। संचालन लच्छूराम साहू ने किया।

### बार-बार खरीदी बाधित होने से किसानों की बढ़ी परेशानी

# धान जाम, फिर बंद हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

#### परिवहन को गति नहीं दे पा रहे अधिकारी



धान उपार्जन केन्द्र सण्ड़ी में गुरुवार को धान खरीदी बंद रही। खरीदी नहीं होने से किसान परेशान हुए। धान खरीदी केन्द्र सण्ड़ी में जिस हिसाब से प्रतिदिन धान की आवक हो रही है उसके अनुपात में परिवहन नहीं हो रहा है जिसके चलते केन्द्र में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। वर्तमान में पैर रखने की भी जगह नहीं है। स्थानाभाव के चलते जहां तहां धान का ढ़ेर लगा हुआ है जिससे ट्रैक्टर, मालवाहक के अंदर तक जाने में दिक्कत हो रही है। बीते मंगलवार और बुधवार को धान केन्द्र से बाहर तौल कर ढुलाई करना पड़ा। परेशानी बढती देख अंततः गुरुवार को धान खरीदी बंद कर दिया गया। केन्द्र में अब तक करीब 60 फीसदी किसानों ने धान बेचा है। चालू माह में शेष चालीस प्रतिशत किसानों से धान खरीदना है। केन्द्र को लक्ष्य पूरा करने 65 हजार क्विंटल धान खरीदी करना है। अब तक 42 हजार क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। लिमिट बढ़ जाने से अब यहां प्रतिदिन 2500 क्विंटल की धान खरीदी हो पाएगी।

#### उठाव होने पर खरीदी आज संभव

जानकारी के अनुसार धान का उठाव के लिए 6 डीओ जारी कर दिया गया है। धान का उठाव होने पर कल शुक्रवार को धान खरीदी पुनः शुरु हो सकती है।

परिवहन नही हुआ तो किसानों का धान सोमवार से ही बिक पाएगा। गुरुवार को धान खरीदी बंद होने से करीब तीन दर्जन किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार को करीब दो हजार क्विंटल धान बेचने के लिए 32 किसानों ने टोकन ले रखा था। धान खरीदी नही हो पाने के कारण इनका टोकन निरस्त हो गया है। अब इन किसानों को फिर से टोकन लेना पड़ेगा।

#### धान खरीदी की मियाद बढ़ाने की मांग



**घुमका।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मियाद एक माह बढ़ाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व विधायक बघेल ने बताया कि 1 नवंबर से 30 जनवरी तक धान खरीदी करने की तिथि सुनिश्चित है किंतु धान खरीदी की गति को देखते हुए निर्धारित तिथि तक खरीदी लक्ष्य पूर्ण होना संभव नहीं है। धान खरीदी नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक 60 प्रतिशत किसान ही धान बेच पाए है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित सिंह राजपूत, पीयूष दुबे, जय कुमार वर्मा, गीतालाल वर्मा, दिनेश, अखिलेश दुबे, नामदास साहू, रमाकांत साहू, रितेश सिंह, गिरीश साहू आदि उपस्थित थे।

# स्वीकृति के बाद भी निर्माण में कोताही



#### निर्माण के बाद मार्ग का उपयोग नहीं

दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए वन विभाग ने 832 सीढ़ियों का निर्माण किया है किन्तु यह मार्ग अब तक दर्शनार्थियों के लिए शुरू नहीं हुआ है। इस मार्ग पर दर्शनार्थियों के रूकने, आराम करने, पेयजल और लाइट की व्यवस्था नहीं है। परिक्रमा पथ देखरेख के अभाव में जर्जर नजर आने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी मंदिर, चंद्रगिरि तीर्थ एवं प्रज्ञागिरि तीर्थ में आने वाले दर्शनार्थियो की सुविधा एवं मनोरंजन के लिए करोड़ो के निर्माण कार्य स्वीकृत हुए है जो वर्तमान में प्रगति पर है।

श्री यंत्र के साथ उपासना केन्द्र निर्माणाधीन है जिसका निर्माण प्रसाद योजना के तहत किया जा रहा है। 5 वर्ष पूर्व वन विभाग ने बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुए महाराष्ट्र की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा के लिए सुलभ सीढी मार्ग का निर्माण किया है। विभाग ने परिक्रमा पथ भी करोडो रूपये खर्च कर बनाया है। इस परिक्रमा पथ की अब तक न तो शुरूआत हुई और न ही सीढ़ी का उपयोग किया जा रहा है। ट्रस्ट समिति भी करोड़ो के निर्माण कार्य को शुरू करने का लेकर कोई पहल कर रहा है। परिक्रमा पथ में आसपास जालीदार बाउंड्रीवाल बनाया गया है। टॉयट्रेन चलाने के साथ उद्यान की योजना भी मूर्तरूप लेते दिखाई नहीं दे रही है।

### घर-घर जाकर न्यौता दे रहे रामभक्त



**डोंगरगढ़।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय हिन्दू संगठन एवं भाजपा के जनप्रतिनिधि घर-घर जाकर अक्षत व आमंत्रण पत्र के साथ न्यौता दे रहे हैं। शहर के 24 वार्डो में टोली बनाकर जनप्रतिनिधि लोगों से भेंट कर उन्हे न्यौता दे रहे है। आयोजन के दिन नगर की हर गली मोहल्ले के घर घर में दीवाली जैसे दीप प्रज्ज्वलित करने का निवेदन कर रहे हैं। अयोध्या में होने वाले महा आयोजन की रूपरेखा के अनुरूप सीधा प्रसारण वार्ड के हर चौक चौराहो में करने के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन करने की तैयारी है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य प्रकाश यादव ने अयोध्या में होने वाले इस महाआयोजन को लेकर सभी हिन्दू संगठन से भव्य रूप देने कहा है।

# महिलाएं हुईं एकजुट, जुटी नाली बनाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम पंचायत जगमड़वा के आश्रित ग्राम रैंमडवा में बरसाती एवं घरों से निकलने वाले पानी निकासी के लिए बीते कई वर्षो से नाली निर्माण का मांग ग्रामीणों द्वारा किया रहा था। प्रस्तावित नाली निर्माण की जगह पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था और नाली निर्माण का विरोध किया जा रहा था जिससे निर्माण ठंडे बस्ते में चला जा रहा था और गाव वालों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। परेशानी को देखते हुए अंततः गांव की महिलाएं एकजुट हुई और समस्या का हल निकालने पहल की। गांव की 30 से 40 महिलाएं सरपंच टीकम साहू एवं अन्य ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से मिलने गई और अपनी समस्या से अवगत कराया। अतिक्रमित स्थल को खाली कराने के लिए ग्रामीणों ने तहसीलदार के समक्ष सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया। पटवारी द्वारा सीमांकन करने के बाद नाली निर्माण से पहले निर्माण स्थल की सफाई करवाया जा रहा है।

गांव की मंगलीनबाई एवं अन्य महिलाओं ने बताया कि घरों से निकलने वाले पानी से सड़कों पर गंदगी हो जाती थी इसलिए हम महिलाएं एकजुट हुई और नाली निर्माण के लिए काम कर रही है।

#### जरूरी है नाली निर्माण

जगमड़वा के सरपंच टीकम साहू ने बताया कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से यदा कदा लड़ाई झगड़ा होते रहता था जिसे देखते हुए नाली निर्माण आवश्यक हो गया था। महिलाओं के प्रयास से नाली निर्माण करवाया जा रहा है।

#### छह लाख मंजूर

रोजगार सहायक लक्ष्मी साहू ने बताया कि नाली निर्माण के लिए 6 लाख की स्वीकृति हुई है जिसमे 1 लाख मजदूरी पर खर्च किया जाएगा। ग्राम के रेवाराम साहू ने बताया कि रोजगार गारंटी योजना से नाली निर्माण होना है।

### चिखली मंडई 7 को

**बांधाबाजार।** ग्राम चिखली में आगामी 7 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच मां के ममता का मंचन होगा। यह जानकारी चैनसिंह श्रीवास ने दी।

### पुष्पा जैन का निधन

**डोंगरगांव।** जैन समाज की वरिष्ठ महिला पुष्पाबाई जैन का 4 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए। वह मुकेश, नवीन, सचिन, अभिनव जैन की मां थी। उनके निधन पर श्री दिगम्बर जैन समाज ने शोक व्यक्त किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# गंडई से आज निकलेगी भव्य अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस अलौकिक क्षण को यादगार बनाने श्रीराम के भक्त घर घर जाकर लोगों को न्योता दे रहे हैं । इसी कड़ी कल सुबह 11 बजे पंडरिया स्थित श्रीराम मंदिर से अक्षत कलश यात्रा भक्ति भाव के साथ निकाली जाएगी। अक्षत कलश यात्रा मुख्य चौक से तिरंगा चौक, माँ गंगई मंदिर जाएगी। आस पास के गांव और घर में प्राणप्रतिष्ठा का न्योता देने श्रीराम भक्त घर घर जाएंगे।

# योजनाओं से वनांचल का विकास



**सड़क अतरिया।** विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पहाड़ी मानपुर में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। अतिथियों नें मां भारत एवं महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विक्रांत सिंह ने केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए लाभ लेने प्रेरित किया। श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के योजनाओ से वनांचल का तेजी से विकास हो रहा है। हर घर में पानी, बिजली सहित अन्य सुविधा पहुंच रही है। कार्यक्रम में आनंद पटेल, संतन साहू , अनुज साहू, प्यारे पोर्ते, देवलाल साहू, बंशी रजक, युवराज पटेल, रामप्रसाद मेरावी, रामाधार रजक, इंद्राणी वर्मा, कृपा यादव, भुनेश्वर सेन, बलकरण जंघेल, रामकुमार भट्ट, ईश्वर यादव सहित अन्य शामिल हुए।

आमंत्रण आमंत्रण
कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र
प्रदर्शनी सह-विक्रय
स्थान : सतनाम सांस्कृतिक भवन, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
05 जनवरी से 11 जनवरी 2024
20% छूट
समय प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक
मुख्य आकर्षण महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
कोसा एवं कॉटन के आकर्षक आईटम
● उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियॉ ● कोसा मलमल ● कोसा ड्रेस मटेरियल ● कोसा सलवार सूट ● कोसा बाफ्ता ● सूती साड़ियाँ ● शर्टिंग ● बेटशीट ● पिलो कव्हर ● लुगी ● टॉवेल ● नेपकीन ● सलवार सूट ● दुपट्टा कुर्ता ● पायजामा ● गमछा ● दरी ● मच्छरदानी इत्यादि
विभिन्न आकर्षक डिजाईनों एवं मनमोहक रंगों में उपलब्ध है.
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, राजनांदगांव

# ट्रक के बाद सूमो चढ़ा डिवाइडर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

#### आधा दर्जन लोग जख्मी, एक गंभीर, बेबस हुआ पीडब्ल्यूडी



स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण के साथ निर्माणाधीन डिवाइडर हादसे का सबब बन गया है। डिवाईडर के कारण आए दिन दुर्घटना होने के बाद भी ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुरक्षा का उपाय करने में कोताही कर रहे है जिससे अब लोगों का गुस्सा भड़कने लगा है जो कभी भी उग्र रूप धारण कर सकता है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात को एक सुमो डिवाइडर में घुस गया। इस घटना में वाहन चालक सहित अन्य 5 घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चौकी की ओर से आ रहा टाटा सूमो क्र. सीजी 08 एस 1200 का चालक निर्माणाधीन डिवाइडर में संकेतक नहीं होने से देख नहीं पाया और डिवाइडर में भिड गया। टाटा सूमों में सवार शैलेन्द्र निषाद, टकेश्वर कंवर, ओंकार निषाद, सुरेन्द्र पटेल, लोचन कंवर और सूमो चालक खेमचंद निषाद घायल हो गए। अधिकांश के सिर, सीने तथा हाथ पैर में चोट आई है। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रारंभिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। शैलेन्द्र निषाद की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसके सिर में 12 टांके लगाए गए हैं।

#### पहले भी हो चुके हादसे

इससे पहले ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2385 डिवाईडर में चढ़ चुका है। वहीं तिगाला पेट्रोल पंप सहित अन्य स्थानों पर कई बाईक सवार स्लिप होकर चोटिल हो चुके है। लगातार हादसे होने के बाद भी न तो ठेकेदार सुरक्षा का प्रबंध कर रहा है और न लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं।

#### भड़के भाजपाई

3 जनवरी की घटना के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, प्रफुल्ल जैन, सतीश पांडे , अश्वनी पटौदी, राजीव वैष्णव, जनपद सदस्य विरेन साहू, मुकेश पांडे आदि ने एसडीएम से शिकायत कर कार्य बंद कराया। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था करने एवं संकेतक लगाने कहा। पता चला है कि इस मामले को लेकर आगामी 10 जनवरी को एसडीएम ने विभागीय अधिकारी, नागरिक, नगर पंचायत प्रतिनिधियों आदि की बैठक रखा गया है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## 8 पंचायतों में आज शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 5 जनवरी को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बिटाल व ग्राम पंचायत गौलीटोला में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत आमाटोला व ग्राम पंचायत पीपरखार में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत ढ़ोढ़री में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत घोटिया में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत कनेरी में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत धोबेदंड में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

## सावित्रीबाई फूले की जयंती मनी



**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईटोला में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाजसेविका माता सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षिका विभा पाटकर द्वारा सावित्रीबाई फूले के महिलाओं की शिक्षा एवं अधिकारों के लिए किए गए अथक संघर्ष और कुप्रथाओं के विरुद्ध उनके आंदोलन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला स्टाफ सहित स्टुडेंट्स उपस्थित थे।

## पारपंरिक जीवन जीने में व्यस्त हैं मानव




**खैरागढ़।** मध्यप्रदेश के लांजी में वीर सपूतों के की याद में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता और जिपं सभापति विप्लव साहू थे। विशाल सभा को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि हमारा समाज और व्यक्ति पारंपरिक जीवन पैदा होना, पढ़ना, पैसा, विवाह, संतान, रिटायरमेंट बाद मौत के बीच जीवन जीता है जबकि मानव को इससे ऊपर के मानव मापदंड के लिए प्रयास करना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि दुनिया में विकास अब बाहुबल या बम से नही, बल्कि शिक्षा, लोकतंत्र और तकनीक से चल रहा है। सामाजिक संघर्ष करने वालो को अब स्कॉलर बनना पड़ेगा। कार्यक्रम की थीम पर बात रखते हुए कहा कि यह बेहद दिलचस्प और हैरान करने वाली महान वीरगाथा है कि मात्र 500 महार सेना ने 30 हजार पेशवा की सेना को पराजित कर डाला। समाज को अपने इतिहास से सीख लेना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में जापान में प्रवास करने वाले भदंत संघरत्न मानके और करुणागिरी प्रमुख जी डी बालाधारे सहित अन्य राज्यों से आए अतिथि शामिल थे।

## पेंडरी में 10 से सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के सदगुरु



कबीर आश्रम पर 10 व 11 जनवरी को दो दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनकर्ता गणेशराम साहू हैं। कार्यक्रम में मुख्य प्रवचनकर्ता परम पूज्य संत श्री प्रभाकर साहेब कोटा राजस्थान से अपने विदृत संतजनों के साथ पधारेंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक चलेगा। उक्त जानकारी जागेशवर सिन्हा ने दी है।

### बच्चों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

# कलेक्टर ने ली छात्रावास और आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक

### बच्चों को स्नेह और सुरक्षा देना करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने एक-एक कर छात्रावास व आश्रमों के अधीक्षकों से छात्रावास एवं आश्रम के संचालन, उपलब्ध सुविधा, संसाधन एवं कमियों की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों से कहा कि माता-पिता के बाद सबसे ज्यादा भरोसा आपके ऊपर होता है।

आप सभी अपने संस्थान में निवासरत सभी बच्चों को अपना स्नेह और सुरक्षा देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम में रहने वाले समस्त बच्चों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में कोई भी दुर्घटना ना हो और बच्चे पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करें। यह सुनिश्चित कराना आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रावास व आश्रमों में अध्ययन करने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड के बच्चों को केंद्रित करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने प्रेरित करें। जिससे वे अव्वल आकर जिले का नाम रोशन कर सकें। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत दुबे, मंडल संयोजक दिलेश्वर वर्मा समेत जिले के सभी छात्रावास के अधीक्षकगण उपस्थित थे।



### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं

कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास और आश्रमों में रह रहे समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराये। शारीरिक समस्या के आधार पर समुचित उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंभीर समस्या होने की दशा में वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवश्य अवगत कराएं। कलेक्टर ने आगे कहा कि छात्रावास और आश्रम में रहने वाले बच्चों को विविध गतिविधि में परंपरागत बनाने के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। बच्चों को खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पेंटिंग जैसे रोचक गतिविधियों में जोड़कर उनके सर्वांगिण विकास करें। कलेक्टर ने आगे कहा कि बालिका सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा मुहैया कराएं।

### गुड टच, बेड टच की जानकारी दें

संदिग्ध गतिविधियां कोई अनजान व्यक्ति छात्रावास एवं आश्रम परिसर में प्रवेश न कर सके, इसके लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पारिवारिक और सामाजिक वातावरण निर्मित करते हुए व्यवहारिक आचरण का माहौल बनाकर बच्चों को अपने घर जैसे माहौल उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को गुड टच, बेड टच की जानकारी दें। जिससे बच्चें अपना सुरक्षा कर सके। समय-समय पर पालक समिति की बैठक करने भी कहा गया है।

## सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती मनी



- महिला शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार में माता सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान महिला शिक्षा को बढ़ावा देने एवं महिलाओं शिक्षा पर प्रकाश डालने कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिथियों ने महिला शिक्षा, विधिक अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण आदि की जानकारी दी। वक्ता भदंत नागरत्न, डां मनोज गजभिये, सिद्दार्थ नागदेवे , प्रभा चंद्रिकापुरे थे। अध्यक्षता नूतन महिला मंडल की सचिव आयुष्मति सरोज लांजेवारे ने की। भदंत नागरत्न ने बताया कि सावित्रीबाई फुले को उनके पति ज्योति राव फूले ने हर कदम पर साथ दिया। उस दौर में स्त्रियों का घर से निकलना वर्जित था तब सावित्रीबाई फुले ने ना केवल शिक्षा ग्रहण की बल्कि शोषित महिलाओं एवं लड़कियों को शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि प्रभा चंद्रिकपुरे ने भ्रुण हत्या, बाल विवाह जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे। डां . मनोज गजभिये ने साइबर अपराध के कारण एवं निवारण पर चर्चा की। सिद्दार्थ नागदेवे ने कविता वाचन किया। बेबी सुवर्णा ने संघर्ष गीत गाया। इस मौके पर सावित्रीबाई फुले कोचिंग सेंटर में सेवा दे रही महिला शिक्षक आयुष्मति, बीना इंदुरकर, भावना टेम्भुरकर, ऋचा एवं बबिता को सम्मानित किया गया। संचालन अमिताभ दुफारे ने किया। इस दौरान हीरालाल मौर्य, पुरुषोत्तम रामटेके, मिलिंद मेश्राम, योगेश सरजारे, रेखा सहारे, गांधी टांडिया आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर 11 से 17 दिसंबर तक ग्राम धौराभाठा में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। 11 दिसंबर को उद्‌घाटन समारोह पंच ज्योति यादव के मुख्य आतिथ्य तथा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर में छात्राओं ने स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी कई महत्वपूर्ण कार्य किए। प्रतिदिन प्रभातफेरी में विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही ग्राम में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता हेतु जागरूक किया। ग्रामीणों से संपर्क कर डोर-टू-डोर अपना संदेश पहुंचाया।

दूसरे दिन 12 दिसंबर को डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, 13 दिसंबर को व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, 14 दिसंबर को विधिक सहायता प्राधिकरण के गजेन्द्र बख्शी, राजेश चंदेल, शालिनी यादव, हेमंत जामोरिया द्वारा महिलाओं के विशेषाधिकार एवं शाला के बच्चों को गुड-टच-एवं बैड-टच को समझाया गया। 15 दिसंबर को डॉ. जीपी रात्रे द्वारा महिला सशक्तिकरण विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसके अलावा 14 दिसंबर को छग कॉलेज सुंदरा द्वारा डेंटल कैम्प का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य एवं संगीत के अलावा अंधविश्वास, भ्रूण हत्या, रक्तदान, मोबाइल का दुष्प्रभाव आदि विषयों पर नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके अलावा संध्याकालीन खेलकूद के कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण जागरूकता तथा छात्राओं में व्यक्तित्व विकास मुख्य उद्देश्य था।

16 दिसंबर को शिविर का समापन सरपंच नोमेश वर्मा एवं प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर के कार्यों को ग्रामवासियों द्वारा सराहा गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रामकुमारी धुर्वा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उमेश पनरिया का विशेष सहयोग रहा।

## विस अध्यक्ष रमन ने किया निर्वाचन क्षेत्र का दौरा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह इन दिनों अपने



निर्वाचन क्षेत्र के व्यापक दौरे पर हैं। डॉ. सिंह आज दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त रहे तथा सनसिटी में कार्यकर्ताओं, संगठनों व आम नागरिकों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें अनेक शिकायतें, सुझाव व जन समस्याओं की जानकारी दी गई, जिसे उन्होंने अविलंब पूरा करने को कहा। जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार आज डॉ. सिंह का रात्रि विश्राम भी शहर में ही हुआ। वे देर तक आगंतुकों से मुलाकात करते रहे। कल 05 जनवरी को भी वे शहर में ही रहेंगे तथा कौरिनभांठा रोड स्थित विधायक कार्यालय में सुबह 11 से 01 बजे तक पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।



**छुईखदान।** ग्राम अमलीडीह (भरकाटोला) निवासी श्रीमती प्रियंका वर्मा एवं देवसिंह वर्मा को जिला अस्पताल में तीन संतान की प्राप्ति हुई। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। वर्मा दंपत्ति को तीन संतान की प्राप्ति पर हर्ष का माहौल है।

## चंद्रकांत वर्मा बने केसीजी जिले के नए कलेक्टर

**खैरागढ़।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के तबादले बाद उनकी जगह 2017 बैच के केसीजी



चंद्रकांत वर्मा नए कलेक्टर होंगे। वहीं गोपाल वर्मा को उप सचिव मंत्रालय की जवाबदारी दी गई है। इससे पहले चंद्रकांत वर्मा मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक थे जो अब जिले के तीसरे कलेक्टर होंगे। इससे पहले डॉ. जगदीश कुमार सोनकर और गोपाल वर्मा जिले के कलेक्टर थे। मूलतः खरोरा के पास निलजा गांव के रहने वाले श्री वर्मा ने यूपीएससी में 352 वॉ रैंक हासिल किया था। गरियाबंद में प्राथमिक शिक्षा अर्जित करने के बाद छठवीं से दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई देवभोग के एक सरकारी स्कूल में करने वाले कलेक्टर श्री वर्मा के पिता पुलिस विभाग में थे।

## सहायक राजस्व निरीक्षक मरकाम को बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित बिदाई समारोह में सहायक राजस्व निरीक्षक भुवन मरकाम को बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा, प्र. कार्यालय अशोक चौबे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी भुवन मरकाम को माला पहनाकर, शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्त एक स्वभाविक प्रक्रिया है। जिसमें सेवाकाल के पश्चात निर्धारित अवधि में अपने कर्तव्य से सेवानिवृत्त होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने सेवाकाल में जीवन का अधिकांश समय नौकरी में बिताता है। लंबे समय तक कुशलतापूर्वक सेवा देने के पश्चात आज शासकीय जीवन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आगे भी निगम परिवार सदैव उनके साथ है। इस अवसर अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय आज से

- राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादित वस्त्रों का होगा प्रदर्शन सह विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामोद्योग हाथकरघा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की योजना अंतर्गत राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित वस्त्र के विपणन हेतु 5 से 11 जनवरी तक सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक सतनाम सांस्कृतिक भवन जीई रोड राजनांदगांव में कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

जिला हाथकरघा कार्यालय द्वारा आयोजित 7 दिवसीय कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय में लगभग प्रदेश के लगभग 20 बुनकर सहकारी समिति भाग लेंगी। जिसमें राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादित वस्त्रों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जाएगा। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियां, कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता, सूती साड़ियां, शर्टिंग, बेडशीट, पिलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकिन, सलवार सूट, दुपट्टा, कुर्ता, पायजामा, गमछा, दरी, मच्छरदानी जैसी विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### लक्ष्य के अनुरूप अनुशासित रूप से करें कार्य

## कटंगीखुर्द में रासेयो का विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज का सात दिवसीय विशेष रासेयो शिविर का कटंगी खुर्द में सरपंच रोहित वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने की वही विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल सहित पंचायत पदाधिकारी थे।

मां सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द और मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन बाद अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर स्वागत किया गया।

राजकीय गीत स्वयं सेवकों ने और स्वागत गीत लीना वर्मा, गौरी यदु ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि



सरपंच रोहित वर्मा ने रासेयो शिविर आयोजन मे सहयोग को लेकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरित्र को अपनाने और युवाओं को शिविर अवधि में लक्ष्य अनुरूप अनुशासित रुप से कार्य करने प्रेरित किया। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने रासेयो शिविर के थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा को रेखांकित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशा से दूर होने और जन जागरुकता अभियान चलाने कहा। प्रधान पाठक राजकुमार बेरबंशी, बीआर वर्मा, शिक्षक हेमंत रामटेके ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य अनुसार क्रियांवयन पर ग्रामीणों से सहयोग की बात कही।

कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने शिविर आयोजन को लेकर सरपंच सहित कटंगी खुर्द के निवासियो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंच कमला पटेल, पंच अमरीकाबाई, पंच राजेन्द्र गायकवाड़ सहित गणमान्य नागरिक, दलनायक टिकेन्द्र वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, श्रुति अग्रवाल, सीमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन गिरवर साहू, एमनलाल साहू ने और आभार प्रदर्शन यशपाल जंघेल ने किया।

## दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को संघ ने प्रदान की राशि

- न्यायधीशों की मौजूदगी में श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अधिवक्ता प्रकाश सिंह राजपूत के हार्टअटैक से असामयिक निधन बाद अधिवक्ता संघ ने परिजनों को सहयोग राशि प्रदान की।

संघ सदस्य मनराखन देवांगन ने बताया कि बीते दिनों उनके संघ के सक्रिय सदस्य प्रकाश सिंह राजपूत का निधन हो गया जिसकी जानकारी बाद संघ ने न्यायधीशों की मौजूदगी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगत प्रकाश सिंह राजपूत को नमन किया।

संघ के मनराखन देवांगन, ज्ञानदास बंजारे, रामकुमार जांगड़े की पहल पर संघ सदस्यों ने आपस



मे 31 हजार के आसपास सहयोग राशि एकत्र किया जिसे उनके प्रतिनिधियों ने दिवंगत की पत्नी श्रीमति रंजना सिंह को निवास में पहुंचकर प्रदान करते हुए बताया कि बार कौसिल से मिलने वाली 3 लाख रुपयों की राशि को जल्द स्वीकृत कराने अधिवक्ता संघ द्वारा कागजी कारवाई पूरी कर ली गई है। इस दौरान जितेंद्र सिंह गौर, विनोद सिंह, गजेंद्र सिंह सहित अन्य परिजन उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 से

- शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार उन्मुखी वृहद सम्मेलन का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 व 7 जनवरी को ईदगाह मैदान मठपारा पावर हाउस रोड में आयोजित है। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाना और समाज के विकास की दिशा में अग्रसर करना है।

उक्त जानकारी देते पत्रकारवार्ता में समाज के प्रमुख रईस अहमद शकील ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है, इसलिए दीनी तालीम, बिजनेस, शिक्षा, सेहत और खेलकूद सबको लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में इन विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी एक ही जगह स्टॉल के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाएगी। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से संबंधित जानकारी, योजनाओं की जानकारी, वैकेंसी, लघु उद्योगों से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। पत्रकारवार्ता में मुख्य रूप से हाजी रईस अहमद शकील के साथ आदिल रिजवी, सैय्यद अली अहमद, हाजी तनवीर अहमद, सैय्यद अफजल अली, रशीद भाई बेरिंग, जलालुद्दीन निर्वाण, आसिम अहमद, आफताब अहमद आदि शामिल थे।




## समाज सुधार की दिशा में कदम

इनके अलावा मुसलमानों का विज्ञान और आविष्कारों में योगदान पर चर्चा होगी व अपने इतिहास की प्रदर्शनी लगवाई जाएगी, ताकि वह भी ऐसे प्रेरणा हासिल कर समाज के हित में काम करें। समाज सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते नशामुक्ति अभियान के तहत नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर नशामुक्ति की समझाइए दी जाएगी। नगर निगम के माहिर अग्निशमन दल के जरिये आग पर काबू पाने का भी प्रदर्शन, आपदा राहत एवं बचाव की जानकारी दी जाएगी।

## निकाह के लिए युवक-युवतियों का बायोडाटा संकलन

उन्होंने बताया कि नया व्यापार चालू करने के संबंध में जानकारी, खेल, जिम, कराते, अखाड़ा, नशामुक्ति अभियान, दीनी व दुनियावी तालीम, किताबों की अध्ययन की जानकारी दी जाएगी। हेल्थ चेकअप कैंप आयोजन किया जाएगा एवं निकाह के लिए मुस्लिम समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन बायोडाटा संकलन आदि का कार्य किया जाएगा। शिक्षा/सम्मेलन के मुख्य उद्देश्यों में सबसे अव्वल यह है कि इस क्षेत्र में सम्मेलन के जरिये एजुकेशन मेला, बच्चों को अपने-अपने हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान करना और बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को बढ़ावा देना है। वहीं ऐसे बच्चों को चिन्हित करना, जो विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद हो, जिसे कैरियर काउंसलिंग के जरिये अपने कैरियर बनाने हेतु जानकारी दी जाएगी।

# बालक वर्ग में पंजाब, राजस्थान, आंध्रप्रदेश की आसान जीत

- 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छततीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन साई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में खेले गए बालक वर्ग 14 वर्ष बॉस्केटबाल के पहले मैच में पंजाब ने सीआईएससीई को, दूसरे मैच में आंध्रप्रदेश ने चंड़ीगढ़ को और राजस्थान ने विद्याभारती को पराजित किया।

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग राजनांदगांव की मेजबानी में आयोजित इस स्पर्धा के बॉस्केटबाल 17 वर्ष बालिका वर्ग के पहले मैच में केरला ने पंजाब को, महाराष्ट्र ने चंड़ीगढ़ को।

हरियाणा ने राजस्थान को, आईपीएससी ने बिहार को, गुजरात ने मणिपुर को, आईबीएसओ ने मध्यप्रदेश को एवं उत्तरप्रदेश ने तमिलनाडु को पराजित कर लीग राऊंड में 2-2 अंक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सांई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 बजे से लगातार बॉस्केटबाल मैच खेले जाएंगे।

# मंत्री राजवाढ़े को साहित्य भेंट



**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी रजवाढ़े से रायपुर एयरपोर्ट में ऋषि चिंतन के सानिध्य में साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रदेश गायत्री परिवार की प्रमुख आदर्श वर्मा, जुगलकिशोर लडढा, हरीश गांधी, उपस्थित थे।

# एसआर हास्पिटल में पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




एसआर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली धमधा रोड दुर्ग को छग शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अधीनस्थ छग पैरामेडिकल काउंसलिंग द्वारा पैरामेडिकल पाठयक्रम संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में संस्था के चेयरमेन संजय तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स संचालन करने हेतु अनापत्ति प्रदान करने के पश्चात छग पैरामेडिकल काउंसलिंग द्वारा एसआर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स संचालन करने की विधिवत अनुमति प्रदान की गई है। छग शासन के पैरामेडिकल काउंसलिंग द्वारा एसआर हास्पिटल को एक्स-रे टेक्निशियन, आपरेशन थियेटर टेक्निशयन व पैथालाजी लैब टेक्निशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें एक्स-रे टेक्निशियन की 30 सीटें व आपरेशन थियेटर टेक्निशयन की 30 सीटें एवं पैथालाजी लैब टेक्निशियन की 20 सीटे हैं।

## हॉस्टल व कैंटीन की सुविधा

उन्होंने बताया कि दुर्ग संभाग में एसआर हास्पिटल में सर्वाधिक पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स की कुल 80 सीटे हैं। छग शासन का यह एक वर्षीय सर्टीफिकेट कोर्स है। जिसका पंजीयन छग पैरामेडिकल काउंसलिंग में होता है। उक्त पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स में बारहवीं या समकक्ष बायोलाजी ग्रुप फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बायोलाजी के छात्र एवं छात्राएं ही प्रवेश ले सकते हैं। पैरामेडिकल टेक्निशयन के सभी कोर्स हेतु प्रवेश प्रारंभ है। जिसकी सीमित सीटे बची है। पैरामेडिकल टैक्नशियन कोर्स में प्रवेश लेने हेतु पासपोर्ट साईज कलर फोटो 10वीं एवं 12वीं मार्कशीट व आईडी प्रुफ , स्थानांतरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमापण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। अस्पताल में गर्ल्स व बायज हास्टल व मेस कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है। पत्रकारवार्ता में डॉ. एसपी केशरवानी, अजय तिवारी, मनशिवाय, विजय साहू उपस्थित थे।

# पेंशनरों ने मनाया नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के पेंशनर संघ द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डीसी जैन प्रांताध्यक्ष शामिल हुए। नगर निगम पेंशनरों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने पेंशनरों को नए वर्ष की शुभकामना देते उनके परिवारिक जीवन की मंगल कामना की गई। पेंशनरों द्वारा एक-दूसरे पेंशनरों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र श्रीवास्तव, दुर्गाराम साहू, श्रीराम यादव, परसराम, नारायण बक्शी, बाबूलाल नेताम, राधेलाल साहू, आशाराम यादव, भागवतीबाई, सुरजाबाई, देविकाबाई नेताम शामिल थे। उक्त जानकारी नगर निगम राजनांदगांव पेंशनर्स संघ के उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने दी।












## खबर संक्षेप

### सिंघनपुरी में लुईय ब्रेल की 215 वीं जयंती धूमधाम से मनाई

बरबसपुर। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय कवर्धा-सिंघनपुरी में ब्रेल लिपि के अविष्कारक श्रद्धेय लुईस ब्रेल का जयंती 4 जनवरी को हर्षोउल्लास के साथ 215 वी जयंती मनाई गई। लुईस ब्रेल का जन्म 4 जनवरी 1809 को फ्रांस की राजधानी पेरिस से 40 किलोमीटर दूर कुपरे नामक गांव में हुआ था और कम उम्र में 6 जनवरी 1852 में 43वर्ष में मृत्यु हो गया, वहीं सुईय ब्रेल के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अधीक्षक देव कुमार कौशिक, पालक कल्याण समिति के अध्यक्ष कुमार पटेल, शिक्षक-शिक्षिकाएं जिसमें लक्ष्मी चंद्रा, जागेश्वरी चंद्रा, मनहरण यादव सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी व सभी दिव्यांग दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

बच्चों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

# कलेक्टर ने ली छात्रावास और आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने एक-एक कर छात्रावास व आश्रमों के अधीक्षकों से छात्रावास एवं आश्रम के संचालन, उपलब्ध सुविधा, संसाधन एवं कमियों की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों से कहा कि माता-पिता के बाद सबसे ज्यादा भरोसा आपके ऊपर होता है।

आप सभी अपने संस्थान में निवासरत सभी बच्चों को अपना स्नेह और सुरक्षा देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम में रहने वाले समस्त बच्चों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में कोई भी दुर्घटना ना हो और बच्चे पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करें। यह सुनिश्चित कराना आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रावास व आश्रमों में अध्ययन करने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड के बच्चों को केंद्रित करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने प्रेरित करें। जिससे वे अव्वल आकर जिले का नाम रोशन कर सकें। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत दुबे, मंडल संयोजक दिलेश्वर वर्मा समेत जिले के सभी छात्रावास के अधीक्षकगण उपस्थित थे।



### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं

कलेक्टरने कहा कि छात्रावास और आश्रमों में रह रहे समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराये। शारीरिक समस्या के आधार पर समुचित उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंभीर समस्या होने की दशा में वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवश्य अवगत कराएं। कलेक्टर ने आगे कहा कि छात्रावास और आश्रम में रहने वाले बच्चों को विविध गतिविधि में परंपरागत बनाने के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। बच्चों को खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पेंटिंग जैसे रोचक गतिविधियों में जोड़कर उनके सर्वांगिण विकास करें। कलेक्टर ने आगे कहा कि बालिका सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा मुहैया कराएं।

### गुड टच, बेड टच की जानकारी दें

संदिग्ध गतिविधियां कोई अनजान व्यक्ति छात्रावास एवं आश्रम परिसर में प्रवेश न कर सके, इसके लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पारिवारिक और सामाजिक वातावरण निर्मित करते हुए व्यवहारिक आचरण का माहौल बनाकर बच्चों को अपने घर जैसे माहौल उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को गुड टच, बेड टच की जानकारी दें। जिससे बच्चें अपना सुरक्षा कर सके। समय-समय पर पालक समिति की बैठक करने भी कहा गया है।



# साफ-सफाई के अभाव में आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में पसरा गंदगी, नौनिहाल बच्चे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिषर देखरेख व साफ-सफाई के अभाव में आंगनबाड़ी के चारों ओर गंदगी ही गंदगी पसरा हुआ है। जिससे नन्हें-मुन्हे नौनिहाल बच्चों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र परिषर के आसपास पेड़-झाड़ व घास-फूस उग आए है। जिससे नौनिहाल बच्चों को कीड़े-मकोड़े से नन्हे-मुन्हे बच्चों को खतरा का आशंका बना हुआ है।

जिसे देखते हुए नौनिहाल बच्चों के पालक व ग्रामीण जन जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने व स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की मांग की गई ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सकें।

जिस पर ग्राम कोलेगांव के ग्रामीण व पालकों द्वारा ग्राम पंचायत व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को शिकवा-शिकायत के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जिसका खमियाजा कोलेगांव आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें-मुन्हे नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई-लिखाई व स्वस्थ्य के लिए भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देने अपील की गई ताकि बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में गंदगी व पेड़-पौधे से राहत मिल सकें व आंगनबाड़ी केंद्र में संपूर्ण स्वच्छता बना रहें।

# रौचन में स्वामी करपात्री स्कूल रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



■ ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान के लिए किया जन-जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम रौचन में प्राचार्य डीएस जोशी व कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के नेतृत्व में जिला संगठन डॉ श्रीमती केएस परिहार के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रौचन सरपंच श्रीमती नरेशिया-रमेश पटेल, विशिष्ट अतिथि हाई स्कूल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मण श्रीवास, उपसरपंच कूपलाल साहू, प्रबंधन समिति सदस्य हरिचंद साहू, भोजराम साहू एवं मोहन ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर आयोजित किया जाता है, जिसमें स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण, सुरक्षा, नारी शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण आहार, नशा मुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान 50 विद्यार्थियों की टीम भावना, सामाजिक समरसता व अनुशासन का विकास किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सरपंच ने अपने संबोधन में हर संभव मदद का आश्वासन दिया और जागरूकता के लिए ग्राम रौचन के चयन के लिए आभार व्यक्त किया। बौद्धिक सत्र में प्राचार्य हाई स्कूल रौचन शिव सिन्हा ने नशा मुक्ति हमारे समाज के लिए आवश्यक है। इस विषय पर समुचित चर्चा किया। वहीं शाम को ग्राम से बैठक लेकर ग्राम सेवा से संबंधित जन-जागरूकता कार्य किया गया,। स्वयंसेवकों ने प्रथम दिवस विद्यालय प्रांगण की सफाई कार्य किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रतिबिंबित किया शिविर में पुलश राज गंधर्व, गुमान दास एवं हरीश कुमार तथा आशुतोष साहू सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसदः मधुसूदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत समस्त क्षेत्रवासियों व नगरवासियों एवं सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन 3 से 11 जनवरी तक श्री रूद्र महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के आग्रह पर प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एक दिवसीय सहसपुर लोहारा प्रवास पर आए, वहीं नगर में माताएं-बहनों द्वारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, इस भव्य शोभा यात्रा मे पूरे नगर में भ्रमण श्री यादव शामिल होकर सनातन धर्म प्रेमियों के साथ शामिल हुए। मधुसूदन यादव ने कहां की ये समय भारत एवं पूर दुनिया मे बसें सनातन प्रेमी के लिए सुखद है, क्योकिं 500 वर्ष के इस लम्बे अंतराल के बाद 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अपने मंदिर मे विराजमान होने जा रहा है, उन्होने कहा कि पूर कवर्धा जिलेवासियो को आग्रह किया की 22 जनवरी को हम सब सनातन प्रेमी अपने घर मे दीवाली मनाए।

## भारत सरकार की योजनाओं के बारे मे जनता के बीच जन-जागरुकता कार्यक्रमः रामकुमार भट्ट



हरिभूमि कवर्धा। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पूर्ण देश में नागरिकों के साथ-साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाली एक परिवर्तनकारी राष्ट्रव्यापी अभियान बनकर उभरी है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की योजनाओं के बारे मे जनता के बीच जन-जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर ऐसे जरूरतमंद पात्र ग्रामीणों को जो योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं के दायरे में लाकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना। वहीं शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उक्त अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बटुराकछार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कार्यक्रम अध्यक्षता अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत दिनेश चंद्रवंशी ने की, उक्त अवसर पर श्री भट्ट ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अवगत कराया और कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, इन योजनाओं के लाभ लेने के लिए नागरिकों को कई बार कार्यालयों में जाना पड़ता था लेकिन अब विकसित भारत यात्रा के माध्यम से स्वयं आपके पास पहुंच रहे हैं और पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर भारत सरकार के उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसे अनेक लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने ग्रामवासियों को अवगत कराते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास को लेकर प्रत्येक वर्ग के लिए जन-हितकारी योजनाएं संचालित की जा रही। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य संतोष वर्मा, संतोष वर्मा मण्डल महामंत्री संतोष वर्मा, पूर्व महामंत्री रामलाल साहू, ग्राम पंचायत बटुरा-कछार के सरपंच, पंचगण तथा संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## भोदा में बाल अधिकार संरक्षण के लिए सघन अभियान चलाया गया




हरिभूमि बोड़ला महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल श्रम अपशिष्ट संग्रह एवं भिक्षावृत्ति सड़क एवं सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले तथा कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों के चिन्हांकन रेस्क्यू कर शिक्षा एवं समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 कबीरधाम, पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई संयुक्त टीम गठितकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के विकासखंड बोडला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भोदा व नगर पंचायत बोड़ला में मिशन वात्सल्य, पॉक्सो एक्ट 2012, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बच्चों से जुड़े विभिन्न कानून, योजनाओं एवं बाल अधिकार संरक्षण की जानकारी देते हुए सघन अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त टीम ने स्कूलों व जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों से अपील किया जा रहा है कि इस प्रकार के कठिन परिस्थिति में रहने वाले तथा देखभाल एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों मिलने-देखने या जानकारी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित किया जा सकता है। जिस पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, परामर्शदाता अविनाश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वरी धुर्वे, सुरेश साहू, आउटरीच वर्कर विनय जंघेल, श्यामा धुर्वे, नितिन किशोरी वर्मा, परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर, सुपरवाइजर रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव व विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन

हरिभूमि कवर्धा। बाजार चारभाठा में 11 कुंडीय 11 दिवसीय महामृत्युंजय श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन 4 से 14 जनवरी तक आयोजित जा रहा है। जिसमें गुरुवार को भव्य जल शोभा यात्रा के बाद दोपहर 2 बजे मंडप प्रवेश के साथ प्रारंभ किया गया वहीं 5 जनवरी को देव आवाहन, अग्नि स्थापन, वहीं 6 जनवरी को आहुति प्रारंभ होगा। नित्य सुबह 7 बजे से 1 बजे तक वेदिका पूजन, हवन आदि व 1 से 6 बजे तक संत विद्वानों द्वारा प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता महंत वेदप्रकाश आचार्य लक्ष्मी नारायण मंदिर द्वारा 6 से 7 जनवरी तक व महामंडलेश्वर रामप्रिय दास महाराज शिवानंद आश्रम भीकमपुरा 7 से 8 जनवरी तथा क्रांतिकारी रामदुत श्रीराम कथा प्रवक्ता राघव रामायणी इटावा यूपी 7 से 9 जनवरी तक साथ ही साथ चित्रकूट कादमगिरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज 9 से 13 जनवरी तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामवासियों व क्षेत्रीय ग्रामीणों में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

सुखाताल व बोधइकुंडा पहुंची मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा

# प्रदेश व जिलेवासियों को अब मिल रहा है डबल इंजन वाली सरकार का लाभः विरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सत्ता परिवर्तन के बाद अब प्रदेश सहित जिले में केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार काम करने लगी है और बीते पांच वर्षो से जिले व प्रदेश में ठप पड़ी केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को मिलने लगा है। इसके लिए प्रदेश की मोदी सरकार द्वारा गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।



उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने गुरूवार को कवर्धा जनपद के ग्राम पंचायत सुखाताल द्वितीय चरण तथा ग्राम पंचायत बोधइकुंडा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं। उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत दोनो ग्रामों में विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के स्टाल लगाए गए थे। विरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम स्थल में लगे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### नंदीघोष पंडरिया विधायक कार्यालय में संलग्न



**पंडरिया।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 9-9/2019/1/ के निर्देशानुक्रम में जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने एक आदेश जारी कर नंदीघोष पाठक, व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मड़मड़ा, विकासखंड बोड़ला, जिला कबीरधाम को निज सहायक के रूप विधायक, विधानसभा पंडरिया (71) के कार्यालय में लिपिकीय कार्य सम्पादन तथा चैतन्य साहू, शिक्षक (एलबी), शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, पुसेरा, विकासखंड पंडरिया, जिला कबीरधाम को कम्प्यूटर कार्य सम्पादन के लिए अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया है। श्री पाठक एवं श्री साहू की इस नियुक्ति पर लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### जिले के छात्रों ने दुर्ग में किया शानदार प्रदर्शन

**कवर्धा।** शहर के छात्र-छात्राओं ने दुर्ग में आयोजित नाट्य वर्तन आल इंडिया नेशनल संगीत महोत्सव में भाग लिया। संगीत शिक्षक विश्वनाथ चौहान और योगेश बलहरे ने बताया कि जिले के छात्रों ने प्रथम, द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप में प्रथम फालगुनी गुप्ता, द्वितीय दर्शी पाहुजा, तीसरा स्थान नीख यादव रहे। सीनियर ग्रुप गजल गायन में भव्य बरडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर ग्रुप में लाइटम्यूजिक गायन में प्रथम स्थान दो बच्चों चिन्मय श्रीवास्तव और आदित्य चोपड़ा। द्वितीय स्थान शाश्वत श्रीवास्तव रहे। इसी में सीनियर ग्रुप एकल तबला वादन में प्रथम शब्दयीप सिंह रहे। जूनियर ग्रुप में चिन्मय श्रीवास्तव एवं शाश्वत श्रीवास्तव दे ने डुएट इंस्ट्रूमेंटल में प्रथम स्थान अ प्राप्त किया।

### 22 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस रहेगा। इस संबंध में आबकारी विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिला प्रशासन को शुष्क दिवस से संबंधित निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।

### युवाओं को मिलेगा स्व रोजगार योजना का लाभ

**कवर्धा।** कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की तृतीय बैठक डिप्टी कलेक्टर की अध्यक्षता में 5 जनवारी शुक्रवार को दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत पूर्ण आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राहियों का साक्षात्कार लिया जाएगा एवं साक्षात्कार उपरांत अनुमोदित प्रकरण स्वीकृति के लिए संबंधित बैंकों को प्रेषित किए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं।

**पहल:** नशा उन्मूलन के लिए बनेगा नया सेल, ज्यादा ताकत से काम करेगी पुलिस

# कानून व्यवस्था को लेकर गृह मंत्री शर्मा के इरादे साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



बीते पांच वर्षों में लकवाग्रस्त हो चुके कबीरधाम जिले के प्रशासन तंत्र में रक्तसंचार कर उसे फिर से सक्रिय करने के लिए जबरदस्त फिजियोथेरेपी की जरूरत है। गौरतलब बात तो यह है कि जिले में चल रहे जंगलराज और ठप्प हो चुकी कानून व्यवस्था के स्वयं भुक्तभोगी रहे फायर ब्रांड जननेता आज न केवल जिला मुख्यालय के विधायक बन चुके हैं बल्कि गृहमंत्री के रूप में पूरे प्रदेश के कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी भी उनके ऊपर दे दी गई है। गत दिनों कवर्धा में प्रदेश के गृहमंत्री की हैसियत से विजय शर्मा ने प्रशासन तंत्र और कानून व्यवस्था को लेकर जो बातें कही हैं उससे न केवल सरकारी तंत्र के कान खड़े हो गए हैं बल्कि जिलेवासियों में भी अच्छे दिन आने की उम्मीद जगी है। श्री शर्मा ने कहा था कि पूर्ववर्ती सरकार में जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई थी, वहीं सरकारी तंत्र भ्रष्ट और गैरजिम्मेदार हो गया था। जनशिकायतें रद्दी की टोकरी में फेंक दी जाती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने अपने इन इरादों को अमली जामा भी पहनाना शुरू कर दिया है। संभवतः यही वजह है कि उन्होने बीते दिनो पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर अपने इरादे तथा रोड़ मेप साफ कर दिया है।

### जहां भी अनियमितता के आरोप, वहां होगी जांच : विजय



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के प्रदेश सरकार के आदेश के संबंध में कहा है कि जहां पर भी इस तरह की अनियमितताओं के आरोप लगे हैं, उन सबकी जांच होगी। लेकिन यह तय है कि जहां-जहां इस तरह के आरोप लगे हैं, युवाओं में असंतोष है, नौजवानों के साथ अन्याय हुआ है, उन सभी बिंदुओं को जांच के दायरे में लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम किया जाएगा। अपराधों पर नियंत्रण के लिए भाजपा सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। इसके लिए पुलिसिंग को भी दुरुस्त किया जाएगा। अंतरराज्यीय अपराधियों व तस्कर गिरोह पर अंकुश लगाने, सूखा नशा और उसके काले कारोबार के लिए प्रदेश सरकार एक अलग सेल बनाकर काम करेगी जो इस काम को पूरी दक्षता से देखेगा। सीमावर्ती इलाकों से भी इस तरह की तस्करी होती है। प्रदेश सरकार की कोशिश होगी कि इस कारोबार में लगी पूरी चेन को ही नेस्त-ओ-नाबूद करें। सख्ती से कार्रवाई की जाए, जड़-मूल से ही इसे खत्म कर दिया जाए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपराध और नक्सली हिंसा पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों से कहा गया है कि विभिन्न अस्पतालों में लैंडमैन विस्फोट से पीड़ित जवानों से मिलकर जो दर्द देखा है, वह दर्द शारीरिक के साथ-साथ परिवार के लिए भी बड़ा दर्द है। इस दर्द का हिसाब तो लेना होगा, यूं ही नहीं छोडा सकता इसे। इस दर्द का हिसाब लिया जाएगा। नशा है, जिसके कारण अपराध होते हैं। पुलिस और ज्यादा ताकत से काम करेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण और सुरक्षा के लिए प्रयासों को गति देगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा और आधुनिकीकरण के लिहाज से काम करेंगे।

# बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच दिख रही लापरवाही




- प्रदेश के कई जिलो में कोरोना संक्रमण की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लम्बी खामोशी के बाद एक बार फिर प्रदेश में कोरोना संक्रमण अपने पैर पसारते नजर आ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2023 के अंतिम माह दिसम्बर में देश के केरल राज्य में नए वेरिंएट के कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के महज कुछ ही दिनों में ही कोरोना देश के कई राज्यों से होते हुए अब छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलो में अपनी दस्तख दे चुका है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों की माने तो नए साल के पहले महिने की तीन तारीख तक प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 120 तक पहुंच गई है। वहीं अगर प्रदेश के जिलों की बात की जाए तो प्रदेश के दुर्ग, रायगढ़, कोरिया, रायपुर और कबीरधाम जिले के पड़ोसी जिले बेमेतरा में भी कोरोना पहुंच चुका है। हालांकि अभी तक कबीरधाम जिला सरकारी आंकड़ों में कोरोना संक्रमण से दूर है। लेकिन माना जा रहा है कि जिस ढंग से कबीरधाम जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर लापरवाही और गैर जिम्मेदारी बरती जा रही है उसके चलते कभी भी जिले में भी कोरोना बिस्फोट हो सकता है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के साथ आम लोगों को भी इसे लेकर गंभीरता दिखानी चाहिए। विशेषकर स्कूलो में बच्चों को मास्क पहनकर आने तथा लोगों को भी भीड़ भाड़ वाले स्थाना में मास्क का उपयोग करने की समझाईश देनी चाहिए। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार प्रदेश में बीते चौबिस घंटों में 18 नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दुर्ग और रायगढ़ लगातार हाट स्पाट बना हुआ है। प्रदेश में अब तक मिले कुल कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में जहां अकेले दुर्ग में 26 कोरोना के एक्टिव केस हैं, वहीं रायगढ़ में ये आंकड़ा बढ़कर 44 हो गया है। ऐसे में निश्चित रूप से कबीरधाम जिले में भी लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति सतर्कता व सावधानी बरतने की जरूरत महसूस की जा रही है।

# तीन दिनों की हड़ताल व चक्काजाम के बाद जिले में यात्री बस सेवा हुई बहाल

- सभी रूटों में दौड़ी यात्री बसें, पेट्रोल की किल्लत भी समाप्त पटरी पर लौटी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिट एण्ड रन कानून के विरोध में नए साल की पहली तारीख यानी 1 जनवरी से जारी वाहन चालकों की हड़ताल तीन दिनो के सांकेतिक चक्काजाम के बाद गुरूवार को समाप्त हो गया। वाहन चालकों की हड़ताल समाप्ती के बाद गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के बस स्टैण्ड से सभी रूटों की बसों का संचालन अपने निर्धारित समय के अनुसार किया जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। जबकि स्कूल बसों का संचालन जिला प्रशासन के हस्ताक्षेप और वाहन चालकों की बैठक के बाद गुरूवार से ही प्रारंभ कर दिया गया था। वहीं इस हड़ताल समाप्ती के बाद जिले के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल का टोटा भी लगभग समाप्त हो गया और वाहन चालकों को अब आसानी से पेट्रोल उपलब्ध हो रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि राष्ट्रीय आव्हान पर प्रदेश सहित जिले के यात्री बस, स्कूल बस, ट्रक सहित दूसरे माल वाहन वाहनो के चालकों ने केन्द्र सरकार के हिट एण्ड रन कानून का विरोध करते हुए एक जनवरी से तीन जनवरी तक सांकेतिक हड़ताल व चक्काजाम का ऐलान किया था। वाहन चालकों के इस ऐलान के साथ ही समूचे जिले में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था और कई आवश्यक सेवाएं ठप पड़ गई थी। ऐसे में अब हड़ताल समाप्ती के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।



## समस्या...



पाण्डातराई। नगर से होकर गुजरने वाले मड़मड़ा-छांटा मार्ग का हाल बेहाल लोगों ने की व्यवस्था सुधार की मांग।

# जुआ खेलते चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

- मुखबिर की सूचना पर पाण्डातराई पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पांडातराई थाने की पुलिस ने ग्राम लालपुर कला में रेड कार्रवाई कर 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से दांव पर लगे 12580 रुपए कैश व ताश पत्ती जब्त किया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को ग्राम लालपुर कला में जुआरियों द्वारा पड़ जमाकर जुआ खेलने की शिकायत लगातार मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। इस संबंध में थाना प्रभारी जन्मेजय पांडेय ने बताया कि जुआ खेलते हुए आरोपी शिवराज पिता स्व. भुनेश्वर साहू आयु 52 वर्ष निवासी ग्राम कोयलारी, गया प्रसाद पिता दुखित जांगड़े आयु 40 वर्ष निवासी नेउरगांव, मनोज कुमार पिता हिंछाराम टोण्डे आयु 33 वर्ष और विष्णु पिता उमेद जांगड़े आयु 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम लालपुर कला को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के कब्जे से 12580 रुपए कैश, प्लास्टिक बोरी व ताश पत्ती जब्त किया है। मामले में जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं एक अन्य मामले में ग्राम दशरंगपुर में शराब की अवैध बिक्री करते हुए आरोपी परमेश्वर पिता इतवारी चंद्रवंशी आयु 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। 6 पौवा देशी शराब और शराब बिक्री की राशि 300 रुपए जब्त किया है।

# थाना सहसपुर लोहारा में मेडिकल संचालकों की ली गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

थाना सहसपुर लोहारा के ग्राम सारी में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक विकास बघेल के द्वारा ग्रामवासियों के बीच जाकर पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में थाना प्रभारी श्री बघेल ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा व क्षेत्र में चोरी हो रहे बोरवेल पम्प व केबल वायर के बारे में अवगत कर चोरी से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही मुख्य मार्ग में गांव की बसाहट होने के कारण ग्रामीणों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। जन चौपाल में ग्राम प्रमुख सरपंच, पंच, ग्रामवासी महिला पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसी कड़ी में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा श्री बघेल ने थाना क्षेत्र के समस्त मेडिकल संचालकों की थाना परिसर में बैठक लेकर सभी को प्रतिबंधित नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयों की खरीदी एवं बिक्री से बचने एवं क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का हिस्सा बनकर पूर्णता अवैध नशे के कारोबार को समाप्त करने में कबीरधाम पुलिस का सहयोग करने की अपील की।



# गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शिक्षक भरत सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा


गुरु घासीदास जयंती पर हुए जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक भरत डोरे को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट सेवा करते हुए समाज को गौरवान्वित करने के लिए दिया गया। गौरतलब है कि वेन वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध भरत कुमार डोरे को शिक्षा के क्षेत्र में अपने नवाचार आइडिया, नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए कई मंच पर सम्मानित किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर कई राज्यों में पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे जिला में सबसे पहले अपने स्कूल को प्रिंट रिच बनाने वाले शिक्षक हैं। इससे प्रेरणा लेकर आज कई स्कूलों में प्रिंट रिच वातावरण बना रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साथ शिक्षकों व समाज के लोगों में हर्ष है।

**कवर्धा नगर में 3000 दीए प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभांरभ**

# बेटी बचाओ बेटी बढाओ योजना अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए महामाया मंदिर भारत माता चौक में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं थीम पर 3000 दीए प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कायक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे योजना के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से शुरू हुआ था। शुरुआत में छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिले रायगढ़ एवं बीजापुर में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में कबीरधाम जिले की बालिकाओं को भी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी की ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने बेटी के जन्म से लेकर जीवन के चक्र मे हर अवस्था महिलाओं को सशक्त करने के लिए कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बेटियां कोख में ही ना मरे वे जन्म ले, शिक्षित हो, आत्मनिर्भर हो कर बड़े पदों पर पदस्थ हो, इसके लिए हमने बेटी बचाओं बेटी पढाओ योजना के माध्यम से समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया। आज परिणाम ये है, कि बेटीयों की जन्म में सुधार हुआ, लिंगानुपात एवं शिक्षा स्तर में सुधार आया। कार्यक्रम में कलाजत्था के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय राज माते विजिया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा की बेटियों ने प्रथम, स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की बेटियों ने द्वितीय, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा की बेटियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बेटियों के द्वारा कन्या भूरण पर रेक, बालिका शिक्षा एवं स्वावलंबर का संदेश दिया गया।




# लगातार बढ़ती टंड से बचाने 120 जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरित किए गए कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने कल 3 जनवरी बुधवार की शाम को ग्राम मोहगाँव, खैरझिटी कला, नवघटा और छांटा के 120 जरूरतमंद ग्रामीणजनों को कंबल की दूसरी क़स्ति का वितरण किया। हितग्राहियों में वृद्ध स्त्री पुरुष शामिल थे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व 29 दिसंबर को चिल्फी के समीप घने जंगलों में तीन सौ कंबल और स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं। आज के वितरण कार्यक्रम में इन गांवों के पंच शंकर चंदरौल, मनोज चंद्रवंशी और अन्य ग्रामीणों ने भी सहयोग दिया। आज के कार्यक्रम में क्लब संरक्षक एमजेएफ प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, अध्यक्ष बीपी गुप्ता, उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, सचिव हरीश गाँधी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, सक्रिय सदस्य राजकुमार गुप्ता, अभिषेक पारख, नवीन जैन, नवनीत गुप्ता, जयदेव अग्रवाल, हरदीप सलूजा सहित अनेक ग्रामीण युवक उपस्थित थे।

